## संक्षिप्त

### जागरूकता वैन को दिखाई हरी झंडी

**ब्यावर** (निसं) दिशा आरसीडी समाज सेवी संस्था एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर कमल राम मीना, अतिरिक्त जिला कलेक्टर मोहन लाल एवं जिला शिक्षा अधिकारी अजय गुप्ता रहे।इस अवसर पर जन-जागरूकता हेतु विशेष रूप से सुसज्जित की गई प्रवेशोत्सव जागरूकता वैन को अधिकारियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह वैन मसूदा ब्लॉक के विभिन्न गांवों में भ्रमण कर आमजन को बच्चों के नियमित स्कूल प्रवेश और शिक्षा के महत्व के प्रति प्रेरित करेगी।कार्यक्रम के दौरान जिला कलेक्टर मीना ने कहा,शिक्षा से वंचित कोई बच्चा न रहे, इसके लिए हम सबको मिलकर प्रयास करने होंगे। वर्षा ऋतु में जलाशयों, खड्डों आदि में पानी भर जाने से बच्चों की सुरक्षा भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्कूल आने-जाने के दौरान बच्चों के डूबने जैसी दुर्घटनाएं चिंताजनक हैं। अतः इसके लिए बच्चों और उनके अभिभावकों को सतर्क और जागरूक करना आवश्यक है।कार्यक्रम के अंतर्गत प्रवेशोत्सव हेतु तैयार किए गए प्रेरणादायक पोस्टर का भी विधिवत विमोचन किया गया, जो स्कूल प्रवेश अभियान को गति देने में सहायक सिद्ध होंगे।इस आयोजन में दिशा संस्था की नोबलेज हट परियोजना के अधिकारी आनंद फेलिक्स, एक्सेस टू जस्टिस परियोजना अधिकारी कुशाल सिंह रावत, मुकेश, घनश्याम, गट्टू, मदन, लक्ष्मण सहित संस्था के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।यह कार्यक्रम शिक्षा, सुरक्षा और सामाजिक भागीदारी की दिशा में एक सार्थक प्रयास है, जो नन्हें कदमों को स्कूल की ओर बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### प्रतिभा सम्मान का पोस्टर जारी

**मदनगंज-किशनगढ़,( निस )।** हरियाणा गौड़ ब्राह्मण पंचायत संस्था युवासंघ द्वारा पंचायत भवन हाऊसिंह बोर्ड में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में पोस्टर का विमोचन किया गया। अध्यक्ष मनोज कोठोत्या ने बताया की शिव जलाभिषेक सहित समारोह में समाज की प्रतिभाओ का सम्मान कर महाप्रसाद के पोस्टर का विमोचन कर समाज हितार्थ चर्चा की गई। इस दौरान संरक्षक पवन कोठोत्या, राहुल कोठोत्या, भरत पंचोली, चेतन बोहरा, कमल बापलावत, निक्की बेरोज्या, सचिव दीपक बलेसरा, सह सचिव बनवारी बोहरा, कोषाध्यक्ष रोहित बापलावत, उपाध्यक्ष कविराज बोहरा, संगठन मंत्री आशीष हल्दीनिया, सांस्कृतिक मंत्री गौरव भेवाल, प्रचार मंत्री शानू बेरोज्या, क्रीड़ा सचिव मनु भोपलावत, सह क्रीड़ा सचिव रवि बापलावत, राजेश बंदावला के अलावा एडवोकेट धनराज भोपलावत, ईश्वरी प्रसाद बापलावत, गोपाल भेवाल, बाबूलाल बापलावत, नोरत बलेसरा, मूलचन्द कोठोत्या, दौलत बापलावत, मूलचन्द भोपलावत, मुकेश बोहरा, विनोद भेवाल, विकास भोपलावत, अजय बलेसरा, गौतम कोठोत्या, भगवान बोहरा, योगेश बोहरा, राहुल कुलचान्या आदि समाजबंधु मौजूद रहे।

### पक्षियों के लिये परिंडे बांध

**मदनगंज-किशनगढ़** (निस)। किशनगढ़ वुमनिया गुरूप के स्थापना दिवस पर आर के पाटनी गर्ल्स कॉलेज परिसर में पक्षियों के लिए परिंडे बांधे। कॉलेज निर्देशक सुभाष अगरवाल, मैनेजमेंट कमेटी सदस्य जयश्री अगरवाल, प्राचार्य डॉ शैलेंद्र पाटनी, पूनम झामनानी व करुणा क्लब सदस्य ने सहयोग किया। अध्यक्ष रुचिका असावा, सचिव श्रद्धा माहेश्वरी, उपाध्यक्ष कीर्ति मालू, प्रचार प्रमुख बबीता संचेती, उपसचिव मिलन काबरा, सदस्य कुसुम गोयल, अंतिमा राठी, कृष्णा माहेश्वरी, मीनू यादव, वन्दना शर्मा, निधि बियानी, कृष्णा माहेश्वरी, दिव्या राठी, सुरभि राठी, अदिति राठी, माधुरी गोयल, माया इनाणी, सोनिया सुराणा, प्रियंका सुराणा उपस्थित रही।

### हड़ताल 9 को

**भीलवाड़ा।** श्रमिक संस्था गांधी मजदूर सेवालय में आगामी 9 जुलाई 2025 के केंद्रीय श्रम संगठनों के आव्हान को लेकर सभी श्रम संगठनों के द्वारा मीटिंग रखी गई।


**NAME CHANGE**

I, Army No.14865576H, SEP, Vaghela Bhavsinh Fulsinh, Residing at Vill-Chaklasi, Po-Ajarpura, Teh-Nadiad, Distt-Kheda , Gujarat, 388310 have change my Daughter's name from Sakshi to Vaghela Sakshiben Bhavsinh vide affidavit No CA333888 Dt 07/07/2025 before court campus Nasirabad


# जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति के लिए अतिरिक्त प्रयास

■ विभागीय समन्वय बैठक आयोजित

**अजमेर,** (कासं)। जिला कलैक्टर लोक बन्धु की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की विभागीय समन्वय बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान जिला कलक्टर ने अधिकारियों को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविरों के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की समीक्षा भी की गई। संपर्क पोर्टल एवं जनसुनवाई के लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण कर आमजन की समस्याओं का समाधान समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिला कलैक्टर लोक बन्धु ने हरियाळो राजस्थान अभियान के तहत विभिन्न विभागों को अपने लक्ष्य के अनुसार वन विभाग की नर्सरी से पौधे प्राप्त कर आगामी माह में पौधारोपण के साथ पौधों के संरक्षण की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए जिला कलैक्टर ने अधिकारियों से कहा कि शिकायतकर्ता को संतुष्ट करने के लिए उन्हें उचित स्तर पर समझाइश की जाए। इससे राहत प्रदान की संतुष्टि प्रतिशत में सुधार आएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि जिला स्तरीय जनसुनवाई में लंबित प्रकरणों का निस्तारण आगामी जनसुनवाई से पूर्व कर लिया जाए। मुख्यमंत्री कार्यालय एवं केंद्र सरकार के पोर्टल से प्राप्त मामलों की निगरानी स्वयं जिला स्तरीय अधिकारी करें।

लोक बन्धु ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि दैनिक जनसुनवाई में प्राप्त लंबित प्रकरणों के उत्तर समय पर भेजे जाएं। अंत्योदय सम्बल शिविरों की समीक्षा के दौरान उन्होंने तुलनात्मक अध्ययन के आधार पर विभागीय प्रगति बढ़ाने को निर्देशित किया। उन्होंने बजट घोषणाओं से संबंधित लंबित भूमि आवंटन पूर्ण करने के निर्देश दिए।

ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों को गरीबी मुक्त गांव योजना में बीपीएल परिवारों के बैंक खातों के सत्यापन, स्वामित्व योजना में पट्टा वितरण तथा नरेगा योजना के तहत पौधारोपण के लिए गड्ढों की खुदाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को लंबित जल कनेक्शन शीघ्र जारी करने, अंतिम छोर पर जलदाब की समीक्षा करने एवं लीकेज मरम्मत का कार्य समयबद्ध रूप से संपन्न करने के निर्देश दिए। ऐसी ग्राम पंचायते जहां पूर्व में शिविर आयोजित हो चुके हैं वहां भी कार्यों की पुनः समीक्षा की जाए।

# राज्यपाल भीलवाड़ा दौरे

**भीलवाड़ा।** राजस्थान के महामहिम राज्यपाल हरीभाऊ बागड़े मंगलवार, 8 जुलाई को भीलवाड़ा जिले के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे।

राज्यपाल बागड़े प्रातः 9:40 बजे जयपुर से हेलिकॉप्टर द्वारा प्रस्थान कर प्रातः 10:40 बजे पुलिस लाइन हेलीपैड, भीलवाड़ा पहुंचेंगे। इसके उपरांत राज्यपाल प्रातः 11 बजे जैन स्थानक, सुभाष नगर, में आयोजित आध्यात्मिक चातुर्मास समारोह में भाग लेंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन आध्यात्मिक चातुर्मास आयोजन समिति द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम में सम्मिलित होने के पश्चात राज्यपाल दोपहर 12:05 बजे सड़क मार्ग से सांसद दामोदर अग्रवाल के निवास स्थान, आर.के. कॉलोनी के लिए प्रस्थान करेंगे और वहां अल्प विश्राम एवं भोजन करेंगे। इसके पश्चात माननीय राज्यपाल दोपहर 1:00 बजे पुलिस लाइन हेलीपैड, से प्रस्थान कर 1:15 बजे हेलीकॉप्टर से जयपुर के लिए रवाना होंगे। जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने निर्देश दिए कि संबंधित अधिकारी अस्थायी हेलीपैड निर्माण, ट्रैफिक रूट, साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त करना सुनिश्चित करें । उन्होंने राज्यपाल श्री बागड़े के सफल दौरे हेतु जिला प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारिया समय रहते पूर्ण करने के भी निर्देश दिए।

# आवास के सपनों को मिले पंख

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर विकास प्राधिकरण की अटल आवासीय योजना के लिए आवेदन 02 जुलाई से प्रारम्भ हुए थे, प्राधिकरण के योजना पोर्टल पर सोमवार तक लगभग 800 आवेदकों द्वारा अपना पंजीकरण पोर्टल पर कराया जा चुका हैं। आवेदकों को ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के कुछ चरणों में आ रही समस्याओं के निवारण के लिए उक्त चरणों को सरल रूप में समझाने के लिए निम्न दिशा निर्देश भी जारी किये जा रहे हैं ।

### तकनीशियन पदों की स्वीकृति

**अजमेर।** राजस्थान सरकार ने अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड को 498 तकनीशियन- पदों की स्वीकृति प्रदान की है। यह निर्णय राज्य सरकार द्वारा उपभोक्ताओं को बेहतर, विश्वसनीय और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए सकारात्मक और दूरदर्शी कदमों की श्रृंखला में एक महत्वपूर्ण पहल है।

अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक के.पी. वर्मा ने बताया कि तकनीकी स्टाफ की उपलब्धता में बढ़ोतरी से विद्युत आपूर्ति व्यवस्था अधिक सुदृढ़ होगी। ट्रांसफॉर्मर, लाइन, फीडर व अन्य तकनीकी कार्यों में तेजी आएगी, जिससे उपभोक्ताओं को निर्बाध सेवा प्राप्त होगी। उन्होंने बताया कि इन स्वीकृत पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जाएगी, जिससे निगम की फील्ड स्तर पर तकनीकी क्षमताएं मजबूत होंगी ।

# प्रबंध कार्यकारणी की बैठक संपन्न

■ प्रबंध कार्यकारणी के पदाधिकारी डॉ. अजय सैनी ने बताया कि इस बैठक में धर्मशाला से जुड़े कहीं अहम मुद्दों पर गहनता से विचार विमर्श किया गया।

**भीलवाड़ा।** अखिल भारतीय माली सेवा सदन पुष्कर धर्मशाला की प्रबंध कार्यकारणी की प्रथम बैठक पुष्कर स्थित माली समाज की धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नव निर्वाचित अध्यक्ष सत्यनारायण भाटी ने की।

प्रबंध कार्यकारणी के पदाधिकारी डॉ. अजय सैनी ने बताया कि इस बैठक में धर्मशाला से जुड़े कहीं अहम मुद्दों पर गहनता से विचार विमर्श किया गया। साथ ही संस्था के महासचिव कैलाश चौहान ने बैठक का एजेंडा बताया। वहीं संस्था के कोषाध्यक्ष बलदेव राम कच्छावा ने अब तक का आय-व्ययका विवरण प्रस्तुत किया। जिसे ध्वनि मत से उपस्थिति कार्यकारिणी सदस्यों ने पास किया। प्रथम बैठक को संबोधित करते हुए संस्था के संरक्षक ताराचंद गहलोत ने संस्थान की आने वाली योजनाओं और कार्य के बारे में विस्तार से बताया। संस्थान के उपाध्यक्ष व राजस्थान प्रदेश माली (सैनी) महासभा के प्रदेश महामंत्री गोपाल लाल माली ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि संस्थान का आय-व्यय का ब्यौरा प्रति माह मोबाइल पर व्हाट्सएप के जरिए सभी कार्यकारिणी सदस्यों को भेजना चाहिए। वही धर्मशाला के कार्यो के लिए विभिन्न उप समितियां गठित की जावे। इसी कड़ी में आईदान भाटी, डॉ.शंकर लाल परिहार, रूपचंद मारोठिया, व गीता सोलंकी तथा अनीता परिहार सहित कई वक्ताओं ने भी बैठक को संबोधित करते हुए अपने विचार व्यक्त किये। इस बैठक में धर्मशाला के जीर्णोद्धारा को लेकर मीटिंग में कहीं हम प्रस्ताव पास किए गए। बैठक के पश्चात सभी नवनियुक्त पदाधिकारी को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए गए। इस प्रथम बैठक में प्रबंध कार्यकाल में के सदस्यों की उपस्थिति में पहली बार अच्छी खासी रही।जिससे कहीं ना कहीं इस धर्मशाला के विकास के लिए नई जागृति देखने को मिल रही है।

### चातुर्मासिक मंगल प्रवेश

**भीलवाड़ा।** जैन श्वेताम्बर तेरापंथ धर्म संघ के आचार्य महाश्रमण की शिष्या साध्वी उर्मिला कुमारी ठाणा-4 ने रविवार को चातुर्मास के लिए काशीपुरी से रेल स्टेशन गोल प्याऊ चौराहा सूचना केंद्र होते हुए जुलूस के साथ तेरापंथ भवन नागौरी गार्डन में चातुर्मासिक प्रवेश किया। साध्वी उर्मिलाकुमारी ने कहा कि गुरु इंगित की आराधना से मंगल प्रवेश किया है। मंगलमय इन क्षणों में हर चेहरे पर प्रसन्नता झलक रही है।

उन्होंने कहा कि चातुर्मास काल धर्म ध्यान, तप जप, त्याग, स्वाध्याय प्रवचन, श्रवण का सीजन होता हैं। साध्वी मृदुलयशा ने भी विचार रखे। भिक्षु भजन मंडली ने गीत से मंगलाचरण किया। जिला एवं सेशन न्यायाधीश अभय जैन ने साध्वीवृन्य के चातुर्मास के प्रति शुभ आध्यात्मिक मंगल कामना की।

# संयम सुख की खान, असंयम पतन का मार्ग : उपप्रवर्तिनी डॉ.राजमती

**अजमेर,** (कासं)। मणिपुंज सेवा संस्थान में श्रमण संघीय महाश्रमणी गुरूमाता महासती श्री पुष्पवतीजी मसा आदि ठाणा 7 के पावन सान्निध्य में श्रावक श्राविकायें जिनवाणी श्रवण करने के लिए उत्साहपूर्वक पहुंच रहे हैं।

सोमवार को धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए उपप्रवर्तिनी सदगुरुवर्या डॉ. राजमती ने कहा कि मानव संयम छोड़ता जाएगा तो विश्व अनीति, अवनति के गड्ढे में गिरता चला जाएगा। कान, आँख, नाक, रसना और स्पर्शन ये पाँचों इन्द्रियों में एक एक इन्द्रिय अपना संयम खोने लगे तो जीवन के लिए प्राण घातक बन जाता है। पतंगा दीपक लौ पर आसक्त होकर, हिरण संगीत सुनकर मोहित बना भँवरा गंध के वशीभूत होकर संयम खो देता है और मृत्यु को प्राप्त हो जाता है,हाथी जैसा विशालकाय प्राणी भी स्पर्शनेन्द्रिय के वशीभूत होकर गड्ढे में गिर जाता है। किसी एक इन्द्रिय के वश में होकर जब ये वनचर प्राणी प्राण गँवा देते हैं तो मानव पाँचों इन्द्रियों के वश में आकण्ठ डूब रहा है, संयम खो रहा है तो उद्धार कैसे संभव है? इंद्रियों को वश में करने के लिए मन, वाणी एवं कर्म पर संयम रखना आना चाहिए। जन्म मरण के जंजाल से, संसार चक्र से, चार गति चौरासी लाख जीव योनि में परिभ्रमण से मुक्ति प्राप्त करने के लिए जीवन संयम मय होना चाहिए। संयम सुख की खान है और असंयम पतन का मार्ग है।

साध्वी डॉ. राजरश्मि ने कह कि अनासक्ति अध्यात्म की आत्मा है और आसक्ति संसार बढ़ाने के कारण है। अनासक्ति का विकास करने के लिए परिवार, शरीर और इन्द्रियों के विषय के प्रति भेद विज्ञान की दृष्टि से चिन्तन करते हुए नश्वरता का भान करें। आत्मा अजर अमर है। सदैव चिन्तन करें जीव अकेला आया है,अकेला जाएगा। परिवार स्वार्थ की धुरी पर चलता हैए सुख के सभी साथी हैंए दुरूख में कोई साथ नहीं देता। इसलिए समय रहते चेत जाओ। साध्वी डॉ. राजकीर्ति ने कहा कि गुणों के प्रति हमारे हृदय में यदि अनुराग हो तो हम गुण ग्रहण करके गुणवान बन सकते है। गुणानुरागी व्यक्ति अपने अपने अवगुणों को दूर करके आदरणीय बन सकता है।

संघ अध्यक्ष शिखरचंद सिंगी ने जानकारी देते हुए बताया कि चातुर्मासिक कार्यक्रमों में त्याग तपस्या, जप जाप बाल संस्कार शिविर आदि का आयोजन होगा।

# शिविर होंगे आयोजित

**अजमेर,** (कासं)। जिले में वित्तीय समावेशन से संबंधित योजनाओं से संबंधित अभियान आगामी 30 सितम्बर तक संचालित होंगे। इसमें ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर आयोजित कर जन-धन खातों, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से लाभांवित किया जाएगा।

अग्रणी जिला प्रबंधक संजय कुमार सिंह ने बताया कि शिविरों में प्रधानमंत्री जन-धन योजना के पुराने खातों की केवाईसी करने के साथ ही नए जन-धन खाते हाल ही में व्यस्क हुए व्यक्तियों के खोले जाएंगे। मंगलवार को पींसागन की अलीपुरा, किशनगढ़ की अमरपुरा, केकड़ी की बघेरा एवं नाईकी ग्राम पंचायत में शिविर आयोजित होंगे। इसी प्रकार बुधवार को अजमेर ग्रामीण की बीर, श्रीनगर की बाघसुरी, सरवाड़ की भगवानपुरा एवं सांपला ग्राम पंचायत में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि गुरूवार को अरांई की बरोल, किशनगढ़ की बांदरसिंदरी, सावर की आमली एवं पारा ग्राम पंचायत, 11 जुलाई को पीसांगन की भगवानपुरा, श्रीनगर की देरांठू, भिनाय की बड़ली एवं नागोला ग्राम पंचायत, 14 जुलाई को अजमेर ग्रामीण की बड़लिया, अजमेर ग्रामीण की गेगल, केकड़ी की भराई एवं नीमोद में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

### अटल जन सेवा शिविर गुरुवार को

**अजमेर,** (कासं)। आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए प्रत्येक माह के द्वितीय गुरुवार को समस्त ब्लॉक स्तर पर अटल जन सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अतिरिक्त जिला कलक्टर ज्योति ककवानी ने बताया कि उपखण्ड स्तर पर आयोजित होने वाली जनसुनवाई को अटल जन सेवा शिविर में समायोजित किया गया है।

### 75 फलदार पौधे लगाए

**अजमेर** (कासं)। पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली के प्रसार हेतु इनर व्हील क्लब अजमेर द्वारा प्रेरणादायक पहल करते हुए सोमवार को अजमेर स्थित जेल प्रशिक्षण केंद्र परिसर में लगभग 75 फलदार पौधों का वृक्षारोपण किया गया। जेल प्रशिक्षण केंद्र के प्रमुख पारस के सहयोग से संपन्न हुआ। पौधों की नियमित देख रेख की जिम्मेदारी जेल प्रशासन द्वारा ली गई। क्लब अध्यक्ष पूर्णिमा तोषनीवाल ने बताया कि क्लब की यह हरित पहल समाज में सेवाए संवेदनशीलता रहं।

# ब्राह्मण प्रतिभाओं को मिलेगा गौरवपूर्ण मंच

■ स्थापना दिवस पर युवा संगोष्ठी का भी होगा आयोजन

**अजमेर ।** विप्र सेना अजमेर के कार्यालय पर सोमवार को समाजहित में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी सर्वब्राह्मण समाज प्रतिभा सम्मान समारोह और स्थापना दिवस को लेकर ठोस निर्णय लिए गए। पूर्व निर्धारित 29 जून को होने वाला कार्यक्रम अब 26 जुलाई को आयोजित होंगे। बैठक में 19 जुलाई को विप्र सेना का स्थापना दिवस पर विभिनन कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। प्रतिभा सम्मान समारोह के लिए फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि भी 19 जुलाई घोषित की गई है। विप्र सेना अजमेर के जिला अध्यक्ष गुंजन शर्मा व संयोजक लोकेश मिश्रा ने बताया कि प्रतिभा सम्मान समारोह में उन छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने बोर्ड परीक्षाओं में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक अर्जित किए हैं। कॉलेज स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया हो। राज्यस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में कोई उपलब्धि प्राप्त की हो। कार्यक्रम का उद्देश्य सिर्फ सम्मान करना नहीं बल्कि समाज के भविष्य को दिशा देने और युवाओं में आत्मविश्वास जगाने का प्रयास है।

# गौशाला में नवीन जल स्त्रोत उद्गम का शुभारंभ

■ गर्मीयों में पानी की कमी पर जल स्स्रोत लगाया

**नाथद्वारा,** (निसं)। पुष्टिमार्गीय प्रधान पीठ प्रभु श्री नाथ जी की हवेली में गौशालाओ में हो रहे नवाचार एवं गौ माता के जल के सुखार्थ जल की कमी को देखते हुए जल पूर्ति एवं गौ माता के सुख के लिए गो.ति.108 राकेश ( इंद्रदमन महाराज की आज्ञा एवं विशाल बावा की प्रेरणा एवं निर्देशन में नाथुवास गौशाला में पहली बार प्राचीन बावडियो से जल पूर्ति के अतिरिक्त नए जल स्त्रोत के रूप में प्रथम बार ट्यूबवेल के रूप में नवीन जल स्त्रोत का शुभारंभ किया गया। ग्यारस के शुभ अवसर पर नवीन जल स्त्रोत के रूप में जहां नवीन जल स्त्रोत श्रीजी प्रभु की कृपा से यमुने महारानी के रूप में पचपन 55 फीट पर ही स्वयं प्रकट हुई व जिसे छह सौ 60 फीट की गहराई तक किया गया है जिससे भविष्य में नाथुवास गौशाला में कभी भी गौ माता की जल सेवा के लिए जल की कमी नहीं रहेगी। ज्ञातव्य है कि इससे पूर्व श्रीजी प्रभु की नाथुवास गौशाला के जल की पूर्ति नाथुवास गौशाला के सामने स्थित कुंज बिहारी जी मंदिर की बावडी से जलापूर्ति होती रही है, लेकिन गर्मी में जल की कमी एवं अधिक से अधिक जल सेवा गौ माता के सुखार्थ हो सके इस बात को ध्यान में रखते हुए तिलकायत की आज्ञा एवं विशाल बावा के निर्देशन में प्रथम बार इस तरह के नवीन जल स्त्रोत का शुभारंभ किया गया है। वही विशाल बावा की प्रेरणा से कुंज बिहारी की बावडी को सभी गौशाला के सेवकों द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छ किया गया।

# सात दिन के भीतर डेयरी बूथ तैयार करने के आदेश

■ डेयरी बूथ पर निगम की कार्यवाही का मामला, अवमानना याचिका पर सुनवाई 18 को

**अजमेर।** अजमेर के बीके कॉल नगर में संचालित 98 नंबर का डेयरी बूथ पर नगर निगम द्वारा की कार्यवाही का मामला कोर्ट पहुंच गया। डेयरी बूथ पर लगाई गई स्टे याचिका पर सोमवार को कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने पीड़ित के पक्ष में आदेश करते हुए नगर निगम को 7 दिन के अंदर डेयरी बूथ तैयार कर देने के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने कहा कि यदि आठवें दिन बूथ तैयार नही किया गया तो प्रतिदिन 3 हजार रुपए पीड़ित पक्ष को देने होंगे। वहीं मामले में पीड़ित की ओर से लगाई गई अब अवमानना याचिका पर 18 जुलाई को कोर्ट में सुनवाई होगी।

पीड़ित पक्ष के वकील संजीव रोहिला ने बताया कि बी के कॉल नगर में पीड़ित करतम मीणा को 2010 में 98 नंबर का बूथ आवंटित हुआ था। नगर निगम द्वारा उन्हें जबरन हटाने के लिए कहा गया,इसके बाद पीडित् ने कोर्ट में वाद दायर किया था, जिसमें 19 फरवरी को कोर्ट ने नगर निगम को कार्रवाई नहीं करने का पर स्टे जारी किया था। सात दिन में बनाकर दें डेयरी बूथ : एडवोकेट रोयला ने बताया कि मामले में सोमवार को सिविल न्यायालय पश्चिम कोर्ट में सुनवाई हुई। न्यायाधीश मनमोहन चंदेल ने पीड़ित के पक्ष में फैसला सुनाया, जिसमें नगर निगम को 7 दिन के अंदर पीड़ित को उसी जगह पर वापस डेयरी बूथ तैयार करके देने के आदेश दिए हैं। 8वें दिन बूथ तैयार नहीं होने पर प्रतिदिन 3 हजार नगर निगम की ओर से पीड़ित पक्षकार को देने होंगे। साथ ही कोर्ट ने कहा कि यदि इसके बावजूद भी निगम डेयरी बूथ को तैयार नहीं करता है, तो पीड़ित अपने स्तर पर भी डेयरी बूथ तैयार कर सकता है, जिसका खर्चा नगर निगम को वहन करना होगा।

अवमानना याचिका पर सुनवाई 18 को:- एडवोकेट रोहिला ने बताया कि कार्रवाई पर स्टे के आदेश के बावजूद निगम की ओर से की गई कार्रवाई पर पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली थी।


**NAME CHANGE**

I, Daivashala wife of Army No.15580434A, HAV, Khade Vijay Shamrao, Residing at Vill-Karanjwan, Po-Therla, Teh-Patoda, Distt- Beed , Maharashtra, 414204 have change my name from Daivashala to Daivashala Vijay Khade vide affidavit No CA333889 Dt 07/07/2025 before court campus Nasirabad

**आम सूचना**

मेरे पिता श्री मूला पुत्र नन्दा जाति जाट निवासी बांसडा महरान, कुचील तहसील किशनगढ़ जिला अजमेर का स्वर्गवास मेरे निवास पर दिनांक 27 जनवरी 1998 को हो गया है, जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में आवेदन किया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति को आपति हो तो मय दस्तावेज 7 दिवस में तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में संपर्क करे। प्रार्थी-श्रीकिशन पुत्र मूलाराम

**NAME CHANGE**

I, Army No.14865576H, SEP, Vaghela Bhavsinh Fulsinh, Residing at Vill-Chaklasi, Po-Ajarpura, Teh-Nadiad, Distt-Kheda , Gujarat, 388310 have change my Daughter's name from Rachana Ben to Vaghela Rachanaben Bhavsinh vide affidavit No CA333887 Dt 07/07/2025 before court campus Nasirabad

**आम सूचना**

मेरे पुत्र बनवारी पुत्र धन्नादास जाति साद निवासी जामडो का मोहल्ला, नया शहर, किशनगढ़ तहसील किशनगढ़ जिला अजमेर का स्वर्गवास मेरे निवास स्थान पर दिनांक 15 मई 2007 को मेरे निवास स्थान पर हो गया है, जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में आवेदन किया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति को आपति हो तो मय दस्तावेज 7 दिवस में तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में संपर्क करे। प्रार्थी-धन्नादास पुत्र मूलदास

**आम सूचना**

मेरे जेठजी श्री हरजी पुत्र भैरू जाति राईका निवासी ग्राम रामगढ तहसील रूपनगढ़ जिला अजमेर का स्वर्गवास मेरे निवास स्थान पर दिनांक 8 फरवरी 2016 को हो गया है, जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए तहसीलदार कार्यालय रूपनगढ़ में आवेदन किया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति को आपति हो तो मय दस्तावेज 7 दिवस में तहसीलदार कार्यालय रूपनगढ़ में संपर्क करे। प्रार्थिया-नाथी देवी पत्नी सवाई

**आम सूचना**

मैं मेरे पक्षकार मुकेश कुमार वर्मा से प्राप्त जानकारी व उनके निर्देश अनुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि श्री मुकेश कुमार वर्मा पुत्र जगदीश प्रसाद वर्मा निवासी 119 रोड नंबर 1 सेक्टर नंबर 2 माधव कॉलोनी जे पी नगर मदार अजमेर ने अपनी पुत्री आकांक्षा वर्मा को अपनी समस्त चल अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है साथ ही यह भी स्पष्ट किया जाता है कि यदि भविष्य में कोई व्यक्ति संस्था अथवा पक्ष आकांक्षा वर्मा से किसी प्रकार का व्यवहार लेन-देन या संपति से जुड़ा कोई क्रय-विक्रय करता है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित व्यक्ति/संस्था की स्वयं की होगी। मैं श्री मुकेश कुमार वर्मा व मेरा परिवार, किसी भी प्रकार के कानूनी अथवा आर्थिक दायित्व के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे।
भवदीय-एन. शर्मा

आम सूचना: यह कि एक आवासीय भूखण्ड संख्या 165, जो खसरा नं. 336 ( पुराना नं. 307 ), ग्राम गगवाना, तहसील एंव जिला अजमेर क्षेत्रफल 200.00 वर्ग गज को श्रीमती कस्तूरा बेदी पत्नी श्री प्रदीप कुमार ने श्री अत्ता मौहम्मद पुत्र श्री हाजी अब्दुल सत्तार से जरिये विक्रय पत्र दि. 26.09.2011 द्वारा क्रय किया था। ततपश्चात उक्त के सम्बंध में श्री जब्बार खान पुत्र गफ्फार खान को मुख्त्यार 05.10.2017 को जरिये नोटराईज्ड मुख्त्यारनामा द्वारा नियुक्त कर दिया गया। ततपश्चात् उक्त का क्रय श्रीमती शकीला पत्नी श्री शाहनवाज ने जरिये विक्रय पत्र दि. 17.01.2018 द्वारा कर लिया। ततपश्चात् श्रीमती शकीला से उक्त भुखण्ड के मूल विक्रय पत्र दि. 26.09.2011 व मुख्त्यारनामा गुम हो जाने पर इसकी गुमशुदगी थाना साईबर क्राईम में दर्ज करवाई गई। अब श्रीमती शकीला पत्नी श्री शाहनवाज द्वारा उक्त भूखण्ड संख्या 165, को बंधक रख कर Svatantra MHFCL से ऋण लिया जा रहा है। अतः उक्त भूखण्ड के स्वामित्व अथवा गुम हुए मूल दस्तावेजों के सम्बंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज सात दिवस में पेश करें। बाद मियाद Svatantra MHFCL द्वारा भूखण्ड को बंधक कर लिया जावेगा तथा आपत्ति अमान्य होगी।
मनोज कुमार शर्मा, एडवोकेट
आर एम वी लॉ एसोसिएट्स 9660333985, 9079815511

**आम सूचना**

कि मुझ सूचनाकर्ता के स्वामित्व का आवासीय रूपान्तरित भूखण्ड संख्या 45 क्षेत्रफल 150.0 वर्गगज वाके 'कितीनगर' अजमेर रोड, राजस्व ग्राम मदनगंज किशनगढ़ जिला अजमेर राजस्थान के खसरा संख्या 457/1 में स्थित है। जिस भूखण्ड के चैन दस्तावेजों में एक विक्रय पत्र जिसमें पूर्वविक्रेता करण सिंह भाटी ने इस भूखण्ड को हुकमीचंद मीणा पुत्र श्री नानकराम मीणा निवासी फरासिया जरिये अधिकृत अभिकर्ता कालूसिंह जामड से दिनांक 14.05.2002 को क्रय किया था जो मूल कहीं गुम हो चुका है जो दस्तावेज आज तक ढूंढने से नहीं मिला है। जिस दस्तावेज द्वारा आज दिन तक किसी को रहन, बेचान, बक्शीश, वसीयत आदि नहीं किया गया है। जो मूल दस्तावेज यदि किसी सज्जन को मिले तो सूचित करे। अशोक कुमार जैन पुत्र श्री चांदमल जैन निवासी वृज मधुकर भवन के सामने, शिवाजी नगर, मदनगंज-किशनगढ़,अजमेर, राजस्थान मो.नं. 98290-71706

**कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**
नामान्तरण आदेश जारी हेतु आम सूचना का प्रारूप
-आम सूचना-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सुनीता शर्मा पत्नी श्री अतुल शर्मा द्वारा प्राधिकरण की हरिभाउ उपाध्याय नगर (मुख्य) योजना के भूखण्ड संख्या बी 154 का नामान्तरण हेतु आवेदन किया है। श्रीमती सुनीता शर्मा पत्नी श्री अतुल शर्मा द्वारा उक्त भूखण्ड का क्रय श्रीमती भारती शर्मा पत्नी श्री अभिषेक शर्मा निवासीः- 436-4, बापू नगर, अजमेर से जरिये पंजीकृत दान विलेख संख्या 2009003628 दिनांक 22.07.2009 द्वारा किया गया है। अतः भूखण्ड संख्या बी-154 हरिभाउ उपाध्याय नगर (मुख्य) योजना का नामान्तरण श्रीमती सुनीता शर्मा पत्नी श्री अतुल शर्मा, के पक्ष में जारी किये जाने के संबंध में किसी को आपति हो तो सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर आपति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदक के नाम नामान्तरण करनें की कार्यवाही की जा सकेगी।

**अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**
अविप्रा
टोडरमल लेन, सिविल लाईन्स, अजमेर, Email :- ajmerada@gmail.com,
Website :- www.rajasthan.gov.in/ada, Tel.No. :- 0145-2627748-2627749
क्रमांक :- अविप्रा/प.2/तकनीकी/2025-26/राजकाज 16324386 दिनांक :- 04/07/2025

**ई-निविदा सूचना संख्या 16/2025-26**

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर की ओर से जारी कार्य Laying of Synthetic Coat in Badminton Auditorium at Jawahara School, Ajmer की अनुमानित लागत राशि 14.50 लाख की ई-निविदा दिनांक 16.07.2025 सांय 06:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट (http:://eproc.rajasthan.gov.in) एवं (http:://sppp.raj.nic.in) http://www.urban.rajasthan.gov.in/ada पर देखा जा सकता है।
UBN No.: AJD2526WSOB00042
अधिशाषी अभियन्ता
अजमेर विकास प्राधिकरण
राज.संवाद/सी/25/5649

**कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला-ब्यावर राज०**
गांधी उद्यान-ब्यावर रोड, बिजयनगर
E-Mail ID-npvijaynagar@gmail.com Telephone No.01462-230051
क्रमांक/न.पा.बि./भूमि/2025/5361 आम सूचना दिनांक:05.02.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित आवेदक ने कृषि भूमि पर बसी निम्न कॉलोनियों में कृषि भूमि नियमन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, जिन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाकर पट्टे दिये जायेंगे। अतः इन भूखण्डों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपति हो तो मय दस्तावेजों/प्रमाण के 7 दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर देवें। समयावधि गुजर जाने के बाद कोई आपति मान्य नहीं होगी।

| क्र.सं | पत्रावली नं. | नाम आवेदक | योजना/ग्राम का नाम | खसरा नं. | भू.सं. | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 43 | जितेन्द्र कुमार पारीक/ रामरतन पारीक | मारूति नगर, बरल द्वितीय | 950,951,953 954,956 | 216 | 230.39 वर्गमीटर |

अधिशाषी अधिकारी , नगरपालिका बिजयनगर

**कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला-ब्यावर राज०**
क्रमांक/न.पा.बि./नामा/2025/1185 आम सूचना दिनांक:12.06.2025

सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान व प्लाट गृहकर पंजिका में अन्तरण हेतु निम्न विरासत पत्रावली प्राप्त हुई है। अगर किसी को आपति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरर्ता के समक्ष आपति प्रस्तुत कर सकते हैं, बाद मियाद, गुजरने पर कोई उज्र/आपति मान्य नहीं होगी।

| फाईल नं | आवेदक नाम | मूल आवंटी/नामान्तरण | भूखण्ड का विवरण | भूखण्ड का नाम | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| 92 | नरपत सिंह पुत्र शुभकरण कविया | शुभकरण सिंह कविया पुत्र हिंग्लाजदान | आबादी क्षेत्र जामोला फैक्ट्री बिजयनगर ब्लॉक नं. 118 भू.सं. 01 | 200.00 SQ.Yards | आवासीय |

अधिशाषी अधिकारी , नगरपालिका बिजयनगर

**कार्यालय नगर परिषद किशनगढ (अजमेर) राज**
क्रमांकः .न.प.कि./कृषि भूमि नियमन/2025/963 आपत्ति विज्ञप्ति दिनांकः 07/07/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा संख्या 304/7 में स्वीकृत योजना में निम्न भूखण्डधारियों द्वारा भू-उपयोग परिवर्तन वास्ते आवेदन पेश किया है, इस संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपति हो तो इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय को लिखित में आपतियां/कारण/विवरण सहित कार्यालय समय में दर्ज करावें, अन्यथा बाद मियाद किसी भी प्रकार की आपति स्वीकार नहीं होगी एवं आवेदक के पक्ष में भूमि का भू-उपयोग परिवर्तन कर दिया जावेगा।

| क्र. सं. | प्रार्थी का नाम | खसरा संख्या राजस्व ग्राम | वर्तमान उपयोग | वांछित उपयोग | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमति मोहिनी देवी पत्नि श्री डालचंद यादव निवासी- कृष्णापुरी फाटक के बाहर मदनगंज-किशनगढ | 304/7 मदनगंज 37 | आवासीय | व्यवसायिक | 3727.78 वर्गगज |

आयुक्त, नगर परिषद किशनगढ

विज्ञापन नं. सिपेट: CJ/Advt./TRG/2025-26/10
**केन्द्रीय पेट्रोरसायन अभियान्त्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट) - जयपुर**
( रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार )
पता: एस.पी. 1298, सीतापुरा इंडस्ट्रियल एरिया, फेज- III, टोंक रोड, जयपुर-302022
ई-मेल: jaipur@cipet.gov.in वेबसाइट: www.cipet.gov.in
सिपेट: डिप्लोमा स्तर के पाठ्यक्रमों में शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए प्रवेश
AICTE द्वारा स्वीकृत | **रिक्त सीटों हेतु डिप्लोमा पाठ्यक्रम में सीधा प्रवेश** | NBA से मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स मोल्ड टेक्नोलॉजी (डी.पी.एम.टी.) • डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स टेक्नोलॉजी (डी.पी.टी.)

| क्र.सं. | प्रवेश वर्ष | पाठ्यक्रम की अवधि | प्रवेश योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रथम वर्ष | 3 वर्ष (2 वर्ष 6 माह शैक्षणिक प्रशिक्षण एवं 6 माह पेड इन्टर्नशिप) | 10वीं पास |
| 2 | द्वितीय वर्ष (प्रतीक्षा सूची) | 2 वर्ष (1 वर्ष 6 माह शैक्षणिक प्रशिक्षण एवं 6 माह पेड इन्टर्नशिप) | Passed 10+2 examination with Physics/ Mathematics / Chemistry/Computer Science/ Electronics/ Information Technology/ Biology/ Informatics Practices/ Biotechnology/ Technical Vocational subject/ Agriculture/ Engineering Graphics/ Business Studies/ Entrepreneurship. Or 10th + 2 year ITI shall be eligible for admission to Second Year Diploma Course(s) in Any branch of Engineering and Technology. |

कोई उम्र सीमा नहीं/छात्र एवं छात्राओं के लिए अलग-अलग छात्रावास

| | | |
|---|---|---|
| प्रथम वर्ष ऑनलाइन आवेदन करें: | https://shorturl.at/eN1IE | |
| द्वितीय वर्ष ऑनलाइन आवेदन करें: | https://shorturl.at/vx7lz | |
| आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | 12.07.2025 (प्रथम वर्ष) | 31.07.2025 (द्वितीय वर्ष) |
| मैरिट लिस्ट जारी करने की तिथि | 14.07.2025 (प्रथम वर्ष) | 01.08.2025 (द्वितीय वर्ष) |
| फीस जमा करवाने तथा दस्तावेज को प्रमाणित करवाने की अंतिम तिथि | 18.07.2025 (प्रथम वर्ष) | 08.08.2025 (द्वितीय वर्ष) |

उत्कृष्ट प्लेसमेंट रिकॉर्ड — आवेदन शुल्क मात्र रू. 100/-
ऑफलाइन भी आवेदन कर सकते हैं, अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें-
9424330788, 9799004172, 9782491626, 9587021761, 9720212091
Email: ltc-jaipur@cipet.gov.in